समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 31 August 2026

# IND vs ENG ODI: ‘रोको’ की वापसी, विराट-रोहित का धमाका कब होगा शुरू ? जानिए तीनों मैचों का समय

Sanket Morankar

Published on 13 Jul 2026




भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की बहुप्रतीक्षित वनडे सीरीज **14 जुलाई** से शुरू होने जा रही है। टी20 सीरीज में हार के बाद अब टीम इंडिया के पास वनडे सीरीज जीतकर शानदार वापसी करने का मौका होगा। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह सीरीज इसलिए भी खास है क्योंकि **रोहित शर्मा** और **विराट कोहली** लगभग छह महीने बाद एक बार फिर साथ मैदान पर उतरेंगे।

इसके अलावा भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज **जसप्रीत बुमराह** भी लंबे समय बाद वनडे क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। वहीं टीम की कमान युवा बल्लेबाज **शुभमन गिल** के हाथों में होगी, जबकि इंग्लैंड की कप्तानी **हैरी ब्रूक** संभालेंगे।

### तीन मैच, तीन अलग-अलग समय

भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज के मुकाबले **14, 16 और 19 जुलाई** को खेले जाएंगे। खास बात यह है कि तीनों मैच अलग-अलग समय पर शुरू होंगे।

- **पहला वनडे – 14 जुलाई (बर्मिंघम): दोपहर 3:30 बजे (भारतीय समयानुसार)**
- **दूसरा वनडे – 16 जुलाई (कार्डिफ): शाम 5:30 बजे (भारतीय समयानुसार)**
- **तीसरा वनडे – 19 जुलाई (लॉर्ड्स): दोपहर 3:30 बजे (भारतीय समयानुसार)**

क्रिकेट प्रशंसकों को मैच देखने से पहले समय का विशेष ध्यान रखना होगा।

### 2027 विश्व कप की तैयारी के लिहाज से अहम सीरीज

यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए **2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप** की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जा रही है। दोनों टीमें अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को आजमाने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दे सकती हैं।

भारत टी20 सीरीज की हार को पीछे छोड़कर नई शुरुआत करना चाहेगा, जबकि इंग्लैंड जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

### रोहित-विराट पर रहेगी सभी की नजरे ं

टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज **रोहित शर्मा** और **विराट कोहली** की वापसी इस सीरीज का सबसे बड़ा आकर्षण मानी जा रही है। दोनों खिलाड़ी लंबे समय बाद वनडे प्रारूप में एक साथ खेलेंगे और भारतीय बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

वहीं, तेज गेंदबाज **जसप्रीत बुमराह** की वापसी से भारतीय गेंदबाजी आक्रमण और मजबूत नजर आ रहा है।

### बर्मिंघम और कार्डिफ मे लंबे समय बाद वनडे

भारतीय टीम लगभग **सात साल बाद बर्मिंघम** में वनडे मुकाबला खेलेगी, जबकि **कार्डिफ मे ं12 साल बाद** वनडे मैच आयोजित किया जा रहा है। सीरीज का अंतिम मुकाबला ऐतिहासिक **लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड** पर खेला जाएगा।

### भारत की वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार और प्रिंस यादव।

### इंग्लैडं की वनडे टीम

हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर (विकेटकीपर), बेन डकेट, जो रूट, जैकब बेथेल, जेम्स कोल्स, सैम करन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, आदिल राशिद, जोश टंग और साकिब महमूद।

भारत और इंग्लैंड के बीच यह वनडे सीरीज रोमांच, स्टार खिलाड़ियों की वापसी और विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। ऐसे में क्रिकेट प्रशंसकों को तीनों मुकाबलों में जबरदस्त टक्कर देखने को मिल सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.